देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

जवाब दो!!! सरकार www.jawabdosarkar.com देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जारी

सूचना प्रोद्योगिकी(मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता)नियम,2021 के नियम 18 के तहत संचालित पोर्टल

रेफरेंस संख्या –2022/mmp/23 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | गुरुवार, 26 मई 2022

# जेडीए के ज़ोन 08 मे मुहाना मंडी,मानसरोवर के नजदीक (गाँव हाज्यावाला,तहसील सांगानेर),100 फीट रोड पर,भूमाफियाओं द्वारा कृषि भूमि पर बसायी जा रही अवैध कॉलोनी!!!

भाग-1






# बालाजी विहार



## सबसे बड़ा सवाल?

## क्या जेडीए करेगा इस अवैध कॉलोनी के विरुद्ध कार्यवाही?



सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

## जेडीए के दावो की पोल खोल रहे जयपुर के भूमाफिया,जेडीए से बिना स्वीकृति कृषि भूमियों पर बसा रहे आवासीय कॉलोनियाँ|

जेडीए लगातार यह दावे कर रहा है कि उसकी सख्ती के चलते कृषि भूमियों पर बस रही आवासीय कॉलोनियों मे कमी आई है और जयपुर के बिल्डर अब जेडीए से स्वीकृति के बाद ही कॉलोनियों का निर्माण कर रहे है|लेकिन भूमाफियाओं की मनमानी के सामने शायद यह जेडीए के कर्ता-धर्ताओ की खुशफहमी साबित हो रही है|आपको बता दें कि विगत 3 सालों मे जेडीए के मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक श्री रघुवीर सैनी के नेतृत्व मे सैंकड़ों अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाये गए है,लेकिन इसके बावजूद जेडीए के बाहरी इलाकों मे इन अवैध कॉलोनियों की बाढ़ सी आई हुई है|

**JDA ने चलाया पीला पंजा: 3 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही थी अवैध कॉलोनी, कॉलोनी की सड़कों को JCB की सहायता से तोड़कर किया धवस्त**

चौमूं 3 महीने पहले



**Jaipur में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ JDA की कार्रवाई, मचा हड़कंप**

**JDA ने 5 बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया विफल**

Published on: Jan 28, 2021, 1:31 AM IST



**गृह निर्माण सहकारी समितियों पर सरकार का डंडा : 1999 के बाद काटे गए भूखंड और पट्टों को कानूनी मान्यता नहीं**

**डेडलाइन 31 दिसंबर, 2001**
**इस तारीख तक जिनके रिकॉर्ड जेडीए में जमा हो चुके उनके ही मिलेंगे पट्टे**

जयपुर | जयपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र के कृषि भूमि पर 17 जून, 1999 के बाद सृजित, विकसित हुई आवासीय कॉलोनियों या कृषि भूमि पर बनाये गए भूखंडों के नियमन, आवंटन के लिए गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा जारी पट्टों को कोई कानूनी मान्यता नही है। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री शान्ति धारीवाल ने बताया कि कृषि भूमि पर 17 जून, 1999 तक विकसित हुई आवासीय कॉलोनियों के नियमन के संबंध में गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा जारी पट्टों को मान्यता दी गई है। गृह निर्माण सहकारी समितियों से 17 जून, 1999 से पूर्व जारी पट्टों की सूची रिकॉर्ड जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 31 दिसम्बर, 2001 तक जमा करा लिया गया था और जेडीए द्वारा ऐसे भूखण्ड धारी सदस्यों की सूची भी पुस्तिकाओं रूप में मुद्रित करा ली गई थी। गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा जो भी रिकॉर्ड उस समय तक संधारित किया गया था। उसमें से यदि पट्टे अभी तक जारी नहीं किए गए हैं तो वह ही रिकॉर्ड मान्य होगा जो जेडीए द्वारा मुद्रित बुकलेट में शामिल हैं। उसके बाद यदि किसी समिति द्वारा कोई रिकॉर्ड अब प्रस्तुत किया जाता है, तो वह विधि मान्य नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गृह निर्माण सहकारी समितियों की केवल उसी सदस्यता सूची और पट्टों को मान्यता दी जावेगी, जो कि जेडीए में 31 दिसम्बर, 2001 तक प्रस्तुत किये जा चुके है तथा जिनका पुस्तिकाकरण हो चुका है। यदि गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा जेडीए में प्रस्तुत सूची के बाद भूखण्डधारियों द्वारा अपने भूखण्ड का बेचान किया गया है या विरासत के आधार पर नाम हस्तान्तरण हुआ है ऐसे मामलों में जेडीए द्वारा नाम हस्तान्तरण की मान्यता दी जायेगी।

**बैकडेट के पट्टे होंगे अवैध**

यदि कोई आवासीय कॉलोनी 17 जून, 1999 के बाद बिना अनुमति के विकसित हो गई है, तो ऐसी कॉलोनियों में गृह निर्माण सहकारी समितियों के रिकॉर्ड के आधार पर नियमन नहीं किया जाएगा, साथ ही उनके द्वारा जारी किए गये पट्टे जो 17 जून, 1999 के पूर्व के जारी किये दर्शाए गए हैं, उन्हें वास्तविकता में वर्तमान में बैक डेट में जारी किये गए माने जाकर विधि मान्य नहीं माने जाएंगें।

**ऐसे भूखंडधारकों को कैसे मिलेंगे वैध पट्टे**

1999 के बाद के भूखण्डधारियों ने यदि भूखंडों पर आवास या आंशिक निर्माण, चारदीवारी का निर्माण कर लिया है एवं उस पर भूखण्ड धारी का कब्जा है तो वे राजस्थान टाउनशिप पॉलिसी के तहत ले-आउट के साथ आवेदन कर सकते हैं। जेडीए द्वारा भूखंडों का सर्वे करवाकर सूचियां तैयार कर नियमन किए जा सकेंगे। भूखंडधारी को निर्माण संबंधी कोई एक सबूत दस्तावेज कब्जे की पुष्टि करने के रूप प्रस्तुत करना होगा। जिसमें बिजली/पानी/टेलिफोन बिल, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेन्स, सम्पति दस्तावेज आदि जमा करा सकते हैं।

## 31 अवैध कॉलोनियों की खातेदारी निरस्त करने के लिए जेडीए ने लिखा पत्र

जेडीए ने कृषि भूमि पर अवैध रूप से बसाई जा रही करीब 31 कॉलोनियों (Jaipur JDA Illegal colony Action) की खातेदारी निरस्त करने के लिए उपखण्ड अधिकारी और तहसीलदार को पत्र लिखा है। वहीं जेडीए ने अवैध कॉलोनियों पर ध्वस्तीकरण कार्रवाई में खर्च की राशि वसूल करने के भी नोटिस जारी करना शुरू कर दिया है। जेडीए ने 10 काश्तकारों को नोटिस दिए है।

## जेडीए के ज़ोन 08 मे मुहाना मंडी,मानसरोवर के नजदीक,100 फीट रोड पर स्थित(गाँव हाज्यावाला,तहसील सांगानेर) कृषि भूमि पर बसायी जा रही है अवैध कॉलोनी

## “बालाजी विहार”

जयपुर शहर के बाहरी इलाको के ज़ोनो मे कृषि भूमियों को बिना भू-रूपांतरित करवाए ,उन पर कॉलोनियाँ बसाने का खेल खेला जा रहा है|इन ज़ोनो मे एक ज़ोन 08 भी है,जहां ताबड़तोड़ अवैध कोलोनियों को बसाने का काम जोरों पर चल रहा है|जेडीए की लगातार कार्यवाहियों के बावजूद इन पर लगाम नही लग पा रही है|आपको बता दें कि कृषि भूमियों पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनियों मे एक नाम और शुमार हो गया है ,जिसका नाम बालाजी विहार रखा गया है|उपलब्ध जानकारी के अनुसार जेडीए के ज़ोन 08 मे जेडीए के ज़ोन 08 मे मुहाना मंडी,मानसरोवर के नजदीक,100 फीट रोड पर स्थित कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी “बालाजी विहार” बसायी जा रही है|

## सोसाइटी के फर्जी पट्टो से काटी जा रही है यह अवैध कॉलोनी “बालाजी विहार”

सूत्रों के अनुसार इस स्कीम के अंतरगर्त 37 से अधिक प्लॉट काटे जाएंगे,जिन्हे एक बोगस गृह निर्माण सहकारी समिति लि.,जयपुर(रेजिस्ट्रेशन संख्या 2387/L) के पट्टे बांटे जाएंगे|चूंकि मुहाना मंडी के पास जमीनो की रेट अत्यधिक है,इसके चलते इस अवैध कॉलोनी मे भी भूखंड की दर 16 लाख से शुरू होना बताई गयी है|इतना ही नहीं भूमाफियाओं द्वारा बैंक से साँठ-गांठ करके इन भूखंडो पर लोन भी उपलब्ध करवाने का दावा किया जा रहा है|इस प्रकार भूमाफियाओं द्वारा खुलेआम ना केवल जेडीए को राजस्व का चुना लगाया जा रहा है,बल्कि ग्राहको के साथ भी ठगी की जा रही है|ग्राहको को लुभाने के लिए भूमाफियाओं द्वारा बाकायदा सोशल मीडिया पर जम कर प्रचार भी किया जा रहा है|

Jaipur City, 05/05/2022, Page 06


### कृषि भूमि पर बसाई जा रही थी 4 कॉलोनियां

# अवैध निर्माण हटाए, विला भी किए ध्वस्त



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**जयपुर.** जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने बुधवार को चार अवैध कॉलोनियों में कार्रवाई की। 28.5 बीघा में ये कॉलोनियां बसाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान पक्के निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। सभी कार्रवाई जोन-12 में हुई। मुंडिया रामसर रोड, सिवार फाटक के पास 20 बीघा निजी खातेदारी भूमि पर सिवार सिटी नाम से अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। यहां ग्रेवल की सड़कें व अन्य निर्माण कार्य चल रहा था। कार्रवाई के दौरान सभी को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा निवारू रोड स्थित लालचंदपुरा में पांच बीघा भूमि पर बसंत विहार-सी में कार्रवाई की। कॉलोनी में अवैध रूप से सड़क का निर्माण कर लिया गया था। यहां नौ विला बनाने का काम चल रहा था। निर्माणाधीन विला भी कार्रवाई के दौरान ध्वस्त कर दिए गए। कालवाड़ रोड पर ही 1.5 बीघा भूमि पर और पार्थ सिटी के पीछे दो बीघा भूमि पर बसाई जा रही कॉलोनियों के निर्माण भी ध्वस्त किए गए।




**भूमाफियाओ द्वारा बोगस गृह निर्माण सहकारी समिति जिसका रजिस्ट्रेशन (रेजिस्ट्रेशन संख्या 2387/L) बताया गया है,के तहत बालाजी विहार,ग्राम-हाज्यावाला,तह।.सांगानेर,जयपुर के नाम की स्कीम को काटना बताया गया है|इस अवैध स्कीम के तहत 37 प्लॉट काटे गए है|**






# बालाजी विहार मे बनाई गयी ग्रेवल रोड



हाईटेंशन लाइन के नीचे चल रहा सड़क निर्माण कार्य





मौके पर करवाया जा रहा विकास



# मौके पर की जा रही प्लोटिंग









## जवाब मांगते सवाल?

1. आखिर कौन है यह भूमाफिया जो कृषि भूमि पर आवासीय कॉलोनी बसा रहे है?
2. अब तक कितनी अवैध कॉलोनियाँ काट चुके है यह भूमाफिया?
3. कौन है बोगस गृह निर्माण सहकारी समिति के कर्ता-धर्ता?अब तक जमीनो की धोखाधड़ी के कितने मामले दर्ज है इन लोगो के खिलाफ?
4. क्या इनके द्वारा बांटे जा रहे पट्टे वैध है?
5. अब तक इस अवैध कॉलोनी मे कितने प्लॉट बेचे जा चुके है?
6. क्या इन प्लॉटो को खरीदने वालों को इस स्कीम की हकीकत मालूम है?
7. यदि अब जेडीए इस अवैध कॉलोनी पर कार्यवाही करता है तो इन ग्राहकों के साथ हुई धोखाधड़ी का जिम्मेदार कौन होगा?
8. कौन है जेडीए के इस ज़ोन-08 के प्रवर्तन अधिकारी?क्या उन्हे इस अवैध कॉलोनी के बारे मे जानकारी है?
9. क्या जेडीए के इस ज़ोन-08 के प्रवर्तन अधिकारी इस अवैध कॉलोनी को बसाने के जिम्मेदार नहीं है?
10. इस अवैध कॉलोनी के विरुद्ध आज दिनांक तक कितनी शिकायते जेडीए को प्राप्त हुई?उन शिकायतों पर आज दिनांक तक जेडीए प्रवर्तन द्वारा क्या कार्यवाही की गयी?
11. क्या जेडीए इन भूमाफियाओं के विरुद्ध स्थानीय पुलिस मे मामला दर्ज करवाएगी?
12. क्या जेडीए इस खातेदार की खातेदारी निरस्त करवाने की कार्यवाही करेगी?
13. क्या रजिस्ट्रार,सहकारी समितियां महोदय इस बोगस गृह निर्माण सहकारी समिति के विरुद्ध कार्यवाही करेंगे?

